प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 26.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

......................

- कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती पर आज देशभर में विभिन्न आयोजन–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कारगिल युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धाजंलि अर्पित करेंगे।
- प्रदेश में भी कारगिल वॉर हीरोज के सम्मान में हो रहे है कार्यक्रम–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सैनिक कल्याण विभाग के वेब पोर्टल का करेंगे शुभारम्भ।
- राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त।
- पेरिस ओलंपिक की औपचारिक शुरूआत आज से–भारत के 117 खिलाडी 16 खेलों में अपनी चुनौती करेंगे पेश।

......................

भारत आज 25वां कारगिल विजय दिवस मना रहा है। कारगिल युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय सैनिकों के शौर्य के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए देश में ये दिवस मनाया जाता है। यह दिन ऑपरेशन विजय के सफल समापन का प्रतीक है। इस दौरान, भारतीय सशस्त्र बलों ने कारगिल ज़िले में उन क्षेत्रों को दुबारा हांसिल किया था, जहां पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों ने घुसपैठ की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज का दिन हर भारतीय के लिए बेहद खास दिन है। कारगिल विजय दिवस उन सभी को श्रद्धांजलि देने का दिन है जो हमारे राष्ट्र की रक्षा करते हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से कारगिल युद्ध के दौरान शहीद हुए सैन्यकर्मियों को श्रद्धाजंलि अर्पित की। प्रधानमंत्री आज कारगिल युद्ध स्मारक का दौरा करेंगे। श्री मोदी वहां सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री शिनकुन ला सुरंग परियोजना के निर्माण कार्य की वर्चुअली शुरूआत भी करेंगे। चार किलोमीटर से अधिक लंबी यह ट्विन ट्यूब सुरंग लेह को सभी परिस्थितियों में देश के अन्य हिस्सों से जोड़ेगी। लगभग 15 हजार 800 फीट की ऊंचाई पर बनाई जाने वाली यह सुरंग दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग होगी। इस सुरंग से न केवल सशस्त्र बलों और उपकरणों की तेज और कुशल आवाजाही होगी बल्कि इससे लद्दाख को आर्थिक और सामाजिक रूप से बढ़ावा भी मिलेगा। प्रदेश में भी कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज जयपुर में अमर जवान ज्योति पर आयोजित कार्यक्रम में सैनिक कल्याण विभाग के वेब पोर्टल का शुभारम्भ करेंगे। श्री शर्मा ने कारगिल युद्ध के जाबांज सैनिकों की शहादत को नमन किया है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध भारतीय सैना के गौरवमयी इतिहास का एक सुनहरा अध्याय है। राजधानी जयपुर में आज शाम केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से कारगिल वॉर हीरोज का सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। जवाहर कला केन्द्र में होने वाले इस कार्यक्रम में दक्षिण पश्चिमी कमान के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एच एस वांदरा मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई है। बीकानेर में सैनिक कल्याण कार्यालय की ओर से पब्लिक पार्क स्थित शहीद स्मारक पर रजत जयंती महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले भी जिले में कई कार्यक्रम हुए।

......................

भीलवाडा में सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में सामूहिक राष्ट्रगान के साथ ही श्रद्धाजंलि सभा आयोजित की जा रही है। इस मौके पर सैनिक कल्याण कार्यालय की ओर से वीरांगनाओं को सम्मानित किया जायेगा। बाडमेर में शहीद स्मारक पर शहीदों को पुष्पाजंलि अर्पित की जायेगी और शाम को शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जायेगा। इससे पहले कल भी राज्य में कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हुए। इनमें बांसवाडा में हिम कॉलोनी चौराहे से उपाध्याय पार्क तक मशाल जुलुस निकाला गया। जैसलमेर में भी जुलुस के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा सोनार दुर्ग से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई शहीद पूनम सिंह स्टेडियम पहुंची। सवाईमाधोपुर में भी जुलुस निकालने के बाद शहीद स्मारक पर दीपज्योति जलाई गई। जयपुर में भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से मशाल जुलुस निकाला गया।

......................

राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ को भारतीय जनता पार्टी का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री राठौड़, सीपी जोशी का स्थान लेंगे। भाजपा ने राजस्थान सहित छह राज्यों के लिए प्रभारी भी नियुक्त किये हैं। राधा मोहन दास अग्रवाल को राजस्थान का प्रभारी बनाया गया है। विजया राहटकर राजस्थान की सह–प्रभारी होंगी। ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

......................

पेरिस ओलंपिक की औपचारिक शुरूआत आज से हो रही है। ओलंपिक के इतिहास में यह पहला मौका है जब उद्घाटन समारोह किसी स्टेडियम में न होकर सीन नदी के किनारे आयोजित किया गया है। 11 अगस्त तक चलने वाले इन खेलों में दुनियाभर के 206 देशों के दस हजार 714 एथलिट भाग ले रहे है। भारत की ओर से 117 खिलाडियों का दल भेजा गया है। भारतीय खिलाडी 16 खेलों में अपनी चुनौती पेश करेंगे। भारत ने कल ओलंपिक में अपने अभियान की शुरूआत की। तीरंदाजी स्पर्धा की क्वालीफिकेशन रैंकिंग राउंड में महिला और पुरुष टीम ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

......................

प्रदेश में कई जगह हो रही बारिश से विभिन्न जलाशयों में पानी की अच्छी आवक हो रही है। राजधानी जयपुर में कल दोपहर से बारिश का सिलसिला शुरू हुआ जो रूक–रूक कर जारी है इससे तेज गर्मी और उमस से राहत मिली है। टोंक में भी अच्छी बारिश के समाचार है। बांसवाड़ा में कल दिनभर बारिश का दौर जारी रहा। केसरपुरा में 6 इंच बारिश हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि अनंदपुरी पंचायत समिति के लंकाई गांव में बन रही पुलिया तेज बारिश के चलते बह गई, जिससे कई गांवों का संपर्क कट गया है।

......................

भीलवाड़ा में कल रात बूंदाबांदी हुई। भरतपुर में झमाझम बरसात हुई। तेज बारिश से कई स्थानो पर पानी भर गया। केवलादेव उद्यान की झील में पानी की अच्छी आवक हुई है। नीम का थाना में भी कई जगह तेज बारिश हुई। वहां सिरोही ग्राम पंचायत की मुख्य सडको पर पानी भरने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। झालावाड में मॉनसून के दौरान अतिवृष्टि से बचाव और राहत कार्यो की जानकारी देने के उद्देश्य से कल आपदा राहत जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज भी कई स्थानों पर बारिश का दौर जारी रहेगा।

......................